# एकता से ही हिंदू समाज, देश होगा सशक्त : सिंह

## सियावास चंद्रशेखर बस्ती में तीसरा हिंदू सम्मेलन आयोजित

**बेगमगंज, 8 जनवरी. नगर सियावास के चंद्रशेखर बस्ती में आज तीसरा भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ. आयोजन से पूर्व चंद्रशेखर बस्ती के विभिन्न भागों से पहुंची कन्याओं एवं महिलाओं की कलश यात्राओं में गगनभेदी नारों से नगर गूंज उठा. नगर सियावास की चंद्रशेखर बस्ती में गुरुवार को तीसरा एक भव्य एवं ऐतिहासिक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया. यह सम्मेलन सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में नीम बाली माता परिसर शिक्षक कॉलोनी सियावास में आयोजित हुआ. जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में हिंदू जनमानस ने सहभागिता की. आयोजन को लेकर क्षेत्र में कई दिनों से उत्साह का वातावरण बना हुआ था, जो सम्मेलन के दिन स्पष्ट रूप से देखने को मिला.**



बस्ती में शिव मंदिर हदाईपुर से निकाली गई कलश यात्रा. पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी मातृशक्ति के नेतृत्व में कलश यात्राएं प्रारम्भ हुईं . जिनमें पुरुष, महिलाएं, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए. ढोल-नगाड़ों, शंखनाद और जयघोष के साथ निकली इन कलश यात्रा ने पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया. कलश यात्रा बस्ती भ्रमण करते हुए आयोजन स्थल नीम बाली माता परिसर शिक्षक कॉलोनी सियावास पर पहुंची . जहां उनका भव्य स्वागत किया गया.सम्मेलन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था. हिंदू सम्मेलन के मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रूप में सौरभ सिंह उपस्थित रहे.

> अपने ओजस्वी एवं विचारोत्तेजक उद्बोधन में उन्होंने 'पंच परिवर्तन' विषय पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया. उन्होंने सामाजिक समरसता, स्वावलंबन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्यों एवं पारिवारिक मूल्यों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन केवल विचार नहीं, बल्कि जीवन में उतारने योग्य व्यवहार है, जिससे समाज और राष्ट्र सशक्त बन सकता है. उनके उद्बोधन को उपस्थित जनसमूह ने गंभीरता से सुना और समय-समय पर तालियों के साथ समर्थन भी किया. सम्मेलन में मंचासीन अतिथियों में श्रीराम पीठाधीश्वर के महंत केशव महाराज एवं पंडित लखन महाराज मैहर से की उपस्थिति रही.अन्त में आयोजन समिति के संयोजक राजेंद्र सिंह (फौजी)ने आभार व्यक्त किया.

### अभिषेक का राष्ट्रीय एथलेटिक्स स्पर्धा में चयन

**बेगमगंज.** नगर के होनहार खिलाड़ी अभिषेक मिश्रा पिता मनोज मिश्रा ने राष्ट्रीय स्तर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025-26 में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 20 किमी रेस वॉक में बाजी मारते हुए गोल्डमेडल हासिल किए जाने पर भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करने के लिए इनका चयन राष्ट्रीय स्तर पर 12 जनवरी 2026 से 16 जनवरी 2026 तक आयोजित होने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है. चयनित खिलाड़ी अभिषेक मिश्रा का मप्र खेल एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्वागत करते हुए राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार जीतने की शुभकामनाएं दी है.



# पिंड भरने जा रहे नाबालिग के दोनों पैर ट्रक ने कुचले

- लोगों ने हाईवे किया चक्काजाम, ट्रक में तोड़फोड़

**सिलवानी, 8 जनवरी. चंदन पिपरिया क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. नर्मदा जी पिंड भरने जा रहे एक नाबालिग श्रद्धालु को तेज़ रफ़्तार ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उसके दोनों पैर बुरी तरह घायल हो गए. हादसे के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल बालक का नाम दीपक पिता हरिगोविंद, उम्र 8 वर्ष, निवासी हतोडा है. घटना के तुरंत बाद मौजूद लोगों ने पुलिस और 108 एंबुलेंस की मदद से बच्चे को सिविल हॉस्पिटल सिलवानी पहुंचाया. हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया. हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रक को घेर लिया और उदयपुरा-सिलवानी स्टेट हाइवे 44 पर चक्काजाम कर दिया, जिससे दोनों ओर लंबा जाम लग गया. आक्रोशित लोगों ने ट्रक में तोड़फोड़ भी की.

ग्रामीणों का आरोप है कि मार्ग पर तेज़ रफ़्तार और लापरवाही से वाहन चलाए जा रहे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं. सूचना मिलने पर एसडीओपी अनिल सिंह मौर्य पहुंचे और समझाइश देकर जाम खुलवाया. ग्रामीण ड्राइवर को जनता के हवाले करने की मांग कर रहे थे. पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

# भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

## भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर बड़ा हादसा टला

**सलामतपुर, 8 जनवरी. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर बालमपुर घाटी के ऊपर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब भूसे से भरी एक ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई. गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और चालक सहित आसपास मौजूद लोग सुरक्षित रहे.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली भूसा लेकर भोपाल की ओर जा रही थी. घाटी के ऊपर संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे पलट गई. स्थानीय नागरिकों ने बताया कि स्टेट हाईवे-18 पर प्रतिदिन सैकड़ों ओवरलोड भूसे से भरे वाहन गुजरते हैं, जो हादसों को दावत देते हैं. पहले भी इस मार्ग पर ओवरलोड वाहनों के कारण कई गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं. लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके.



### एक नजर में



### पिंड भरते बेगवा कला से बोरास के लिए निकला जत्था

**सिलवानी.** हर्ष वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी बेगवा कला सिलवानी से मां नर्मदा तट बोरास के लिए श्रद्धालु का जत्था पिंड भरते हुए रवाना हुआ. पिंड भरते हुए श्रद्धालु कमलेश कुशवाहा, मनमोद कुशवाहा, लोकेश कुशवाहा, प्रेमनारायण कुशवाहा, गोलू कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, प्रिंस कुशवाहा, तुलसी कुशवाहा आदि लोग रवाना हुए. मां खेरापति विजयासन मंदिर से पूजा अर्चना के बाद यात्रा पर निकले. श्रद्धालुओं ने बताया कि बेगवा कला सिलवानी से मां नर्मदा तट बोरास के लिए दूरी लगभग 38 किलोमीटर है, जिसमें पिंड भरते हुए तय इस यात्रा का पूर्ण करने में लगभग आठ दिन का समय लगेगा. यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव के मां नर्मदा का स्मरण करते हुए आगे बढ़ेंगे. श्रद्धालुओं ने बताया कि नर्मदा तट बोरास पहुंचने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा. पिंड भरते हुए जत्थे का स्वागत तहसील अध्यक्ष बलराम कुशवाहा, पूर्व तहसील अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, सिलवनी नगर अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अर्जुन कुशवाहा, कुशवाहा धर्मशाला निर्माण समिति अध्यक्ष लखन कुशवाहा, मिथलेश कुशवाहा, रोहित कुशवाहा, राजा कुशवाहा ,संदीप कुशवाह द्वारा सभी का तिलक लगाकर श्रीफल देकर माला पहना कर स्वागत किया गया.

### सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर भर्ती के लिए लगेंगे शिविर

**रायसेन.** रायसेन जिले में संस्था एसएससीआई नीमच द्वारा जनपद पंचायत स्तर पर जिला पंचायत और मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए भर्ती शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. इन शिविरों में संस्था एसएससीआई नीमच द्वारा युवाओं को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराते हुए सुरक्षा गार्ड तथा सुपरवाइजर पद पर युवाओं का चयन किया जाएगा. जिले की बेगमगंज जनपद पंचायत प्रांगण में 12 जनवरी को, गैरतगंज जनपद पंचायत प्रांगण में 13 जनवरी को, सिलवानी जनपद पंचायत प्रांगण में 15 जनवरी को, उदयपुरा जनपद पंचायत प्रांगण में 16 जनवरी को, बाड़ी जनपद पंचायत प्रांगण में 19 जनवरी को, औबेदुल्लागंज जनपद पंचायत प्रांगण में 20 जनवरी को, सांची जनपद पंचायत प्रांगण में 21 जनवरी को और जिला रोजगार कार्यालय रायसेन में 22 जनवरी को यह शिविर आयोजित किए जाएंगे.

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए आवेदन 15 जनवरी तक

**रायसेन.** मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत 23 जनवरी 2026 बसंत पंचमी पर जिला स्तर पर सामूहिक विवाह आयोजन किया जाएगा. सामूहिक विवाह में सम्मिलित होने वाले वर-वधु द्वारा आवेदन फार्म शासन द्वारा निर्धारित पात्रता मापदण्ड शर्तो के अधीन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 07 जनवरी से बढ़ाकर 15 जनवरी नियत की गई है. अब योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह आयोजन में सम्मिलित होने इच्छुक वर-वधु 15 जनवरी 2026 तक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय रायसेन में जमा किए जा सकते हैं.

# मंडल सियरमऊ में हुआ सकल हिंदू सम्मेलन

## सम्मेलन में उपस्थित रहे साधु-संत

**सिलवानी, 8 जनवरी. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मंडल सियरमऊ में सकल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन में मंडल के सभी ग्रामों से बड़ी संख्या में नागरिकों एवं महिलाओं ने सहभागिता की. कार्यक्रम के दौरान समूचे समाज ने एकजुट होकर हिंदू एकता का सशक्त परिचय दिया. सम्मेलन में क्षेत्र के विभिन्न समाजों के समाजबंधु उपस्थित रहे. कार्यक्रम के उपरांत सभी ने सामूहिक सहभोज में भाग लिया, जिससे सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश स्पष्ट रूप से देखने को मिला.**




बनवासी कल्याण परिषद, मध्य भारत प्रांत के संगठन मंत्री तिलकराज दांगी (विदिशा) ने अपने उद्बोधन में 'पंच परिवर्तन' पर विशेष जोर दिया. उन्होंने कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक शिक्षाचार, सामाजिक समरसता एवं 'स्व' के भाव जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सभी उपस्थितजनों को सामूहिक संकल्प भी दिलवाया.

मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए दांगी ने कहा कि हमारा समाज ऐतिहासिक रूप से मुगलों और अंग्रेजों से संघर्ष करता हुआ गुलामी से मुक्त हुआ है और आज पुन: विश्व का मार्गदर्शन करने की क्षमता रखता है. उन्होंने कहा कि जाति और बिरादरी से ऊपर उठकर हिंदू समाज को एकजुट रहना होगा. भारत का पुन: विश्वगुरु बनना निश्चित है और इसके लिए प्रत्येक नागरिक को अपना योगदान देना होगा. अपने संबोधन में उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और योगदान पर भी विस्तार से चर्चा की.

सम्मेलन में कथावाचक प्रशांत दीक्षित (केवलारी), मुख्य वक्ता तिलकराज दांगी, आयोजन समिति के संयोजक राम नारायण शर्मा, सहसंयोजक प्रीति रजक तथा बंसीलाल आदिवासी मंचासीन रहे. कार्यक्रम का समापन राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पण के संकल्प के साथ हुआ.

### ननि अध्यक्ष ने खिलाड़ियों का सम्मान किया

**भोपाल.** निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी महर्षि मैत्री मैच सत्रम-6 के तहत आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए और खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा निगम अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।



# भोपाल के बदमाशों ने किया हमला

- पुलिस पर मिलीभगत के आरोप
- हमले में चार लोग घायल नगर में दहशत का माहौल

**देवरी ( रायसेन ), 8 जनवरी. नगर में बीते तीन चार दिनों से बाहरी बदमाशों के आतंक की चर्चा तेज है. इसी कड़ी में भोपाल से आए 10,12 बदमाशों द्वारा एक स्थानीय पत्रकार के परिवार पर खेत में घात लगाकर हमला किए जाने का मामला सामने आया है. इस हमले में चार लोग अकरम अर्हम, आरशान, अख्तर बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अकरम को भोपाल स्थित एलबीएस अस्पताल तथा बाकी लोगों को जिला चिकित्सालय रायसेन रेफर किया गया है.**

घटना के बाद नगर में भय और आक्रोश का माहौल है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि भोपाल काजी कैंप इलाके के मुस्लिम बदमाश खुलेआम हथियार लहराते हुए घूमते रहे और पुलिस को सारी जानकारी थी. इसके बाद भी पुलिस ने समय रहते उन पर कार्रवाई नहीं की. जनचर्चा है कि पुलिस की कथित मिलीभगत के कारण बदमाशों के हौसले बुलंद रहे. आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं पुलिस बदमाशों को पकड़ने और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने में टालमटोल कर रही है. बताया जा रहा है कि वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश नगर के एक पेट्रोल पंप पर धमकियां और गालियां देते हुए रील बनाते हुए भी देखे गए, जिससे नगरवासियों में दहशत और बढ़ गई. नागरिकों ने तत्काल भोपाल के बदमाशों कीगिरफतारी तथा सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की हैं.

नगरवासियों को पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता से उम्मीद है कि जल्द रायसेन पुलिस भोपाल के बदमाशों पर कार्रवाई कर शांति व्यवस्था बहाल की जाएगी. और उन बदमाशों का नगर में जुलूस निकाला जाए जो लगभग चार दिन से नगर में दहशत का माहौल पैदा कर रहे थे और देवरी पुलिस सो रही थी.

# बच्चों ने बनाए पवन चक्की, फैक्ट्री एयर प्यूरीफायर मॉडल

## गर्ल्स स्कूल में 'विकसित और आत्मनिर्भर भारत' की थीम पर विज्ञान प्रदर्शनी

**बेगमगंज, 8 जनवरी. विकासखंड स्तरीय विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन संपन्न हुआ. राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी किया गया स्थानीय शासकीय पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में विकासखंड स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी सह मेले का भव्य आयोजन किया गया.**



इस कार्यक्रम में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच और नवाचार का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अपने विचार साझा किए. विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, 'आज के समय में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रदूषण मुक्त भविष्य और पर्यावरण का संरक्षण सबसे पहली प्राथमिकता है. यदि हमारी युवा पीढ़ी पर्यावरण सुरक्षा को अपनी जीवनशैली बना लेगी, तभी हमारा देश सही मायनों में आत्मनिर्भर बन पाएगा. शुद्ध पर्यावरण, स्वस्थ जीवन का आधार है. आने वाली पीढ़ी को अच्छा जीवन देने के लिए हमें प्रकृति से मित्रता करनी होगी. प्रकृति बचेगी तो जीवन बचेगा.

> बीआरसीसी अर्जुन सिंह सिसोदिया ने विज्ञान के व्यावहारिक महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'विज्ञान केवल पाठ्यपुस्तकों का विषय नहीं है, बल्कि यह दैनिक जीवन की समस्याओं को सुलझाने का एक सशक्त माध्यम है. इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को अपनी नवीन सोच और वैज्ञानिक नवाचारों) को दुनिया के सामने लाने का एक मंच मिलता है. ' इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने 'उभरती प्रौद्योगिकी' के तहत पवन चक्की और फैक्ट्री एयर प्यूरीफायर जैसे मॉडल प्रस्तुत किए. साथ ही सतत कृषि, प्रबंधन और मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग पर आधारित प्रोजेक्ट्स ने सभी का ध्यान आकर्षित किया.

**लापरवाही** ▶ सड़कों पर वाहन चला नहीं उड़ा रहे नवयुवक

# पुलिस, अभिभावक व नागरिक सभी को निभानी होगी जिम्मेदारी

**सिलवानी, 8 जनवरी. नगर में इन दिनों युवकों व नवयुवकों में दोपहिया वाहन तेज गति से चलाने की होड़ से मची है. हर सड़क पर दिन में कई बार ऐसे वाहन चालकों को देखा जा सकता है जो सड़क पर वाहन दौड़ाते नहीं बल्कि उड़ाते हुए दिखाई देते हैं.**




एक वाहन पर दो से तीन की संख्या में बैठे ऐसे युवकों की यह धींगा मस्ती न केवल दूसरे वाहन चालकों के लिए आफत बनती जा रही, बल्कि वाहन चालकों की यह नादानी किसी परिवार के लिए भारी पड़ सकती है, लेकिन इस ओर न तो पुलिस ध्यान दे रही न ही अभिभावक न ही नागरिक फलस्वरूप इस तरह के वाहन चालकों की संख्या अब तेजी से बढ़ रही जिनमें स्कूली विद्यार्थी भी शामिल है और ऐसे वाहन चालकों के कारण सामान्य गति से सड़कों पर वाहन चलाने वाले लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं.

**इनका कहना है**

> अभियान चलाकर नाबालिग बच्चों द्वारा चलाए जा रहे वाहनों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी. साथ ही उनके पेरेंट्स के सूचना देकर उनको भी समझाइश दी जाएगी.
>
> **पूनम सविता,**
> थाना प्रभारी सिलवानी

मालूम हो कि पूर्व में वाहनों की तेज रफ्तार व लापरवाही व कई घरों के चिराग बुझा चुकी है, सड़कों पर हादसों की संख्या कम नहीं होती लेकिन फिर भी इनकी रोकथाम के समुचित उपाय नहीं अपनाए जाते और अब नया फैशन नवयुवकों व युवकों का चल निकला है. इसमें एक ही वाहन पर दो या तीन की संख्या में बैठकर युवक भीड़ भरी सड़कों पर अपनी मस्ती में तिरछी आड़ी वाहन तेज रफ्तार से भगाते हैं. तेज रफ्तार के बीच इन वाहनों का फासला अन्त्य वाहन से दो-चार इंच इसे अधिक नहीं होता अगर सामने से आते वाहन चालक से अगर थोड़ी भी असावधानी हो जाए तो आपस में वाहन टकराए बिना नहीं रह सकते. इन दिनों बजरंग चौराहा सागर रोड बरेली रोड गांधी चौक अनेकों मार्गो पर देखीं जा सकती है.

# रैम्प योजना पर हुई जागरुकता कार्यशाला

**रायसेन, 8 जनवरी. एमएसएमई उद्योगों की गुणवत्ता, प्रतिस्पर्धात्मकता एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'एडेप्ट एड्यूसीस प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा 08 जनवरी 2026 को रायसेन में ज़ेड एवं रैम्प योजना पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया.**

यह कार्यक्रम रैम्प योजना के अंतर्गत 'मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम' के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जो मध्यप्रदेश में रैम्प योजना की राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी है. कार्यक्रम का आयोजन एडेप्ट एडिसिस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सुधा के मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप में किया गया.

> कार्यशाला के दौरान रैम्प योजना पर विस्तृत जागरुकता सत्र 'रविश पाठेकर रैम्प कंसल्टेंट (भोपाल परिक्षेत्र) द्वारा लिया गया. वहीं ज़ेड प्रमाणन के महत्व, लाभ एवं प्रक्रिया पर हेमंत झा प्रमाणित ज़ेड कंसल्टेंट ने विस्तृत जानकारी दी. इसके अतिरिक्त चंदन वाधवानी एडेप्ट एड्यूसीस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जेम एवं ओएनडीसी (ओएनडीसी) प्लेटफॉर्म पर जागरूकता सत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से एमएसएमई के लिए नए विपणन एवं व्यापारिक अवसरों पर प्रकाश डाला गया. वॉलमार्ट वृद्धि से समीर मिस्त्री द्वारा ई कॉमर्स और मार्केट लिंकजेस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई. साथ ही एमएसएमई पॉलिसी 2025, ''मध्यप्रदेश स्टार्टअप पॉलिसी' तथा 'मध्यप्रदेश भूमि नियम 2025' जैसी महत्वपूर्ण सरकारी नीतियों पर भी महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में सत्र आयोजित किया गया.

कार्यशाला में रायसेन औद्योगिक क्षेत्र के एमएसएमई उद्योगों की उल्लेखनीय भागीदारी रही. कार्यक्रम में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायसेन के महाप्रबंधक आशुतोष गुप्ता, प्रबंधक एमएस दीपशिखा वर्मा, नगर पालिका की सिटी मिशन मैनेजर रानी तिवारी द्वारा एमएसएमई क्षेत्र के सतत विकास, गुणवत्ता मानकों के अनुपालन एवं राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर अपने विचार साझा किए.